बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

**निगमित संप्रेषण व निवेशक संबंध**
**प्रधान कार्यालय – लोकमंगल, 1501, शिवाजीनगर, पुणे – 05**
**टेलि – 020 25614495, 25614366, 25514501 से 12 विस्तार. 487**

# <u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

## पवित्र तीर्थ तिरूमला में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की 2000वीं शाखा का शुभारंभ

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र तिरूमला में नए दौर की बैंकिंग सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध

**पुणे, 18 नवंबर, 2021:** बैंक ऑफ महाराष्ट्र देश का सार्वजनिक क्षेत्र का एक अग्रणी बैंक है। बैंक ने आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में स्थित तिरूमला-तिरूपति में भगवान वेंकटेश्वर के पवित्र तीर्थ तिरूमला में अपनी 2000वीं शाखा का शुभारंभ किया। इस पवित्र तीर्थ में शाखा का उद्घाटन तिरूमला तिरूपति के उप ई.ओ. टीटीडी श्री धमरिड्डी के कर-कमलों से किया गया। सांसद श्री पेड्डी रेड्डी मिथुन रेड्डी इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उद्घाटन समारोह में श्री हेमन्त टम्टा, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के साथ बैंक के निदेशक श्री एम. के. वर्मा, श्री राकेश कुमार और सभी महाप्रबंधकगण उपस्थित थे।

उद्घाटन समारोह में श्री हेमन्त टम्टा ने अपने संबोधन में कहा कि तिरूमला में बैंक की 2000वीं शाखा का शुभारंभ करना हमारे लिए सम्मान और गौरव की बात है। अपने विविधतापूर्ण ग्राहक आधार को नए दौर की सुविधाजनक बैंकिंग प्रदान करने का यह बेहतरीन अवसर है। श्री हेमन्त टम्टा ने कहा कि यह ग्राहक संतुष्टि में संवर्धन करते हुए व्यापक ग्राहक आधार विशेषकर आम व्यक्ति, को सेवा प्रदान करने के हमारे संकल्प को भी पूरा करता है।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र चालू वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बीच ऋण और बचत जमाराशियों में वृद्धि के मामले में टॉप परफॉर्मर के रूप में सामने आया है। 30 सितंबर, 2021 को बैंक का कुल व्यवसाय बढ़कर रू.2.97 लाख करोड़ हुआ है, जिसमें कुल अग्रिम रू.1.15 लाख करोड़ है। इस वर्ष, सितंबर तिमाही (दूसरी तिमाही) के दौरान बैंक के निवल लाभ में 103% की वृद्धि हुई और यह बढ़कर रू.264 करोड़ हो गया। बैंक ने वर्ष-दर-वर्ष आधार पर रिटेल अग्रिमों में 14.47% वृद्धि तथा एमएसएमई अग्रिमों में 20.66% की एक सुदृढ़ वृद्धि दर्ज की है। बैंक का कासा 54% रहा जोकि बैंकिंग उद्योग में सर्वाधिक में से एक है। निवल ब्याज आय वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 34% बढ़कर रू.1061 करोड़ रही तथा गैर - ब्याज आय वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 54% बढ़कर रू.1128 करोड़ रही।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

**निगमित संप्रेषण व निवेशक संबंध**
**प्रधान कार्यालय – लोकमंगल, 1501, शिवाजीनगर, पुणे – 05**
**टेलि – 020 25614495, 25614366, 25514501 से 12 विस्तार. 487**




**फोटो में:** श्री हेमन्त टम्टा, कार्यकारी निदेशक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के साथ निदेशक मंडल श्री एम के वर्मा, श्री राकेश कुमार और बैंक के सभी महाप्रबंधक। उप. तिरुमाला तिरुपति के ईओ टीटीडी श्री धर्मरेड्डी, श्री पेड्डी रेड्डी मिथुन रेड्डी, संसद सदस्य इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे।